शमूएल ने यहोवा की सेवा की

1 शमूएल अध्याय 1-3

हालाँकि **शमूएल** एक छोटा लड़का ही था, वह एक **नाज़ीर** था। उसने अपने बाल कभी नहीं कटवाए। और उसने एक **खास** मायने में यहोवा की सेवा की।

www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

जैसे-जैसे साल बीतते गए, शमूएल ने देखा कि पवित्र डेरे में रहनेवाला **हर कोई** यहोवा से प्यार नहीं करता था। खुद एली के बेटे जो याजक थे, लोगों को **सताते थे** और उनके साथ **बुरा व्यवहार** करते थे।

एली के बेटे यहोवा की **कोई इज़्ज़त नहीं करते थे।** वे यहोवा को अर्पित किए जानेवाले बलिदान को चुराते थे और **बहुत गंदे काम** करते थे। लेकिन एली ने उन्हें ऐसा करने से **नहीं रोका।** एक बार एक भविष्यवक्ता ने उसे चेतावनी भी दी कि यहोवा उन्हें सज़ा देगा, फिर भी एली ने कुछ न किया।

www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

शमूएल बड़ा हुआ और यहोवा का एक **वफादार सेवक बना।** जब दूसरे बुरे काम करते थे तब भी वह यहोवा की मदद से, **खुशी से** सेवा करता था।

एक दिन यहोवा ने शमूएल को एक **खास** काम के लिए इस्तेमाल किया। उसने शमूएल से **बात की।**

शमूएल!

शमूएल!

बोलिए, आपका सेवक **सुन रहा है।**

जब दूसरों ने गलत काम किया तब भी शमूएल ने **यहोवा की सेवा की।** यहोवा ने उसे **प्रशिक्षण** दिया और उसे **बड़े-बड़े काम** करने के लिए इस्तेमाल किया।

हम इस कहानी से क्या सीखते हैं?

छोटे शमूएल के लिए, यहोवा की सेवा करना क्यों **मुश्किल** था?

सुराग: 1 शमूएल 2:12, 17.

भविष्यवक्ता होने के लिए यहोवा ने **शमूएल** को क्यों चुना?

सुराग: 1 शमूएल 2:26.

अगर दूसरे बुरे काम करते हैं तब भी **आप** कैसे यहोवा की सेवा कर सकते हैं?

सुराग: भजन 26:9-12.

www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania